www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# PAPER-III
# ECONOMICS

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________
2. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________

Roll No. | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.________________________________

(In words)

**D 0 1 1 0**

Time : 2 $^1/_2$ hours] [Maximum Marks : **200**

Number of Pages in this Booklet : **32** Number of Questions in this Booklet : **19**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. Answer to short answer/essay type questions are to be given in the space provided below each question or after the questions in the Test Booklet itself.

   **No Additional Sheets are to be used.**
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
4. Read instructions given inside carefully.
5. One page is attached for Rough Work at the end of the booklet before the Evaluation Sheet.
6. If you write your name or put any mark on any part of the Answer Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
7. You have to return the test booklet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
8. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
9. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. लघु प्रश्न तथा निबंध प्रकार के प्रश्नों के उत्तर, प्रत्येक प्रश्न के नीचे या प्रश्नों के बाद में दिये हुए रिक्त स्थान पर ही लिखिये ।

   इसके लिए कोई अतिरिक्त कागज का उपयोग नहीं करना है ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।
4. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
5. उत्तर-पुस्तिका के अन्त में कच्चा काम (Rough Work) करने के लिए मूल्यांकन शीट से पहले एक पृष्ठ दिया हुआ है ।
6. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे ।
7. आपको परीक्षा समाप्त होने पर उत्तर-पुस्तिका निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और इसे परीक्षा समाप्ति के बाद अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें ।
8. केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।
9. किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# ECONOMICS
# अर्थशास्त्र

## PAPER – III
## प्रश्नपत्र – III

**Note :** This paper is of **two hundred** (**200**) marks containing **four** (**4**) sections. Candidates are required to attempt the questions contained in the section according to the detailed instructions given therein.

**नोट :** यह प्रश्नपत्र **दो सौ** (**200**) अंकों का है एवं इसमें **चार** (**4**) खंड हैं । अभ्यर्थियों को इनमें समाहित प्रश्नों के उत्तर अलग दिये गये विस्तृत निर्देशों के अनुसार देना है ।

www.prepp.in

## SECTION – I
## खंड – I

**Note :** This section consists of **two** essay type questions of **twenty (20)** marks each, to be answered in about **five hundred (500)** words each. **(2 × 20 = 40 marks)**

**नोट :** इस खंड में **बीस–बीस** (20) अंकों के **दो** निबन्धात्मक प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **पाँच सौ** (500) शब्दों में अपेक्षित है । **(2 × 20 = 40 अंक)**

1. Differentiate between the terms liberalization, privatization and globalization. What are the opportunities and threats of globalization for a developing country like India ?
उदारीकरण, निजीकरण और सार्वभौमिकीकरण के शब्दों के बीच अन्तर कीजिए । भारत जैसे विकासशील देशों के लिए सार्वभौमिकीकरण के क्या अवसर और आशंकाएँ (खतरे) हैं ?

**OR / अथवा**

Discuss various measures of estimating absolute and relative poverty. Comment on the estimates of the poverty in India published by the Government. Suggest measures to alleviate poverty in India.
निरपेक्ष एवं सापेक्ष निर्धनता आकलन के विभिन्न उपायों की विवेचना कीजिए । भारत में सरकार द्वारा प्रकाशित निर्धनता के अनुमानों पर टिप्पणी कीजिए । भारत में निर्धनता कम करने के लिए उपाय बताइए ।

Your Personal Exams Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

2. State in brief the reasons for the recent global financial crisis. In this context, discuss the relevance of Keynesian economic prescriptions.
हाल ही के विश्वव्यापी वित्तीय संकट के कारणों को संक्षेप में बताइए । इस संदर्भ में, भारत में कीन्सवादी आर्थिक उपायों की प्रासंगिकता की विवेचना कीजिए ।

**OR / अथवा**

What is sustainable development ? How far the agricultural reforms introduced after the year 2000 have been able to achieve sustainability ? Suggest pragmatic measures in this respect with reference to Indian agriculture.
धारणीय विकास क्या है ? 2000 के बाद प्रारम्भ किए कृषि सम्बन्धी सुधार कहाँ तक धारणीयता प्राप्त कर पाए ? भारतीय कृषि में धारणीयता प्राप्त करने के व्यावहारिक उपाय बताइए ।

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

www.prepp.in

## SECTION – II
## खंड – II

**Note :** This section contains **three (3)** questions. From each of the elective/specialization, the candidate has to choose only one elective/specialization and answer all the three questions from it. Each question carries **fifteen (15)** marks and is to be answered in about **three hundred (300)** words. **(3 × 15 = 45 Marks)**

**नोट :** इस खण्ड में प्रत्येक ऐच्छिक इकाई / विशेषज्ञता से **तीन** (3) प्रश्न हैं । अभ्यर्थी को केवल **एक** ऐच्छिक इकाई / विशेषज्ञता को चुनकर उसी के **तीनों** प्रश्नों का उत्तर देना है । प्रत्येक प्रश्न **पन्द्रह** (15) अंकों का है व उसका उत्तर लगभग **तीन सौ** (300) शब्दों में अपेक्षित है । **(3 × 15 = 45 अंक)**

**Elective – I / विकल्प – I**

3. Consider the following model and answer the questions :

$$Y_i = \beta_1 + \beta_2 X_{2i} + \dots + \beta_k X_{ki} + u_i$$

(i) Discuss the assumptions of the Ordinary Least Square method and derive the estimators of the parameters of this model.

(ii) Prove that the OLS estimators are linear, unbiased and possess the minimum variance.

निम्नांकित मॉडल देखिए :

$$Y_i = \beta_1 + \beta_2 X_{2i} + \dots + \beta_k X_{ki} + u_i$$

(i) ओर्डिनरी लीस्ट स्क्वैयरस् पद्धति की मान्यताओं की विवेचना कीजिए और इस मॉडल के प्राचलों के आकलक निकालिए ।

(ii) प्रमाणित कीजिए कि ओ.एल.एस. आकलक रेखीय, पक्षपात रहित हैं और इनका प्रसरण न्यूनतम होता है ।

4. Explain the problem of identification with the help of an example. Discuss the order and rank conditions of identifiability and examine the identification status of the following model :

$$C_t = a_0 + a_1 Y_t - a_2 T_t + u$$
$$I_t = b_0 + b_1 Y_{t-1} + V$$
$$T_t = C_0 + C_1 Y_t + W$$
$$Y_t = C_t + I_t + G_t$$

Where $C_t$, $I_t$, $T_t$ and $Y_t$ are endogenous variables, and $Y_{t-1}$ and $G_t$ are exogenous variables.

उदाहरण की सहायता से अभिज्ञान की समस्या की व्याख्या कीजिए । अभिज्ञेयता के क्रम एवं कोटि स्थितियों की विवेचना कीजिए और निम्नांकित मॉडल के समीकरणों की अभिस्थिति की परीक्षा कीजिए :

$$C_t = a_0 + a_1 Y_t - a_2 T_t + u$$
$$I_t = b_0 + b_1 Y_{t-1} + V$$
$$T_t = C_0 + C_1 Y_t + W$$
$$Y_t = C_t + I_t + G_t$$

जहाँ $C_t$, $I_t$, $T_t$ और $Y_t$ अंतर्जात चर हैं और $Y_{t-1}$ और $G_t$ बहिर्जात चर हैं ।

5. What do you understand by ARIMA approach ? Explain how this approach is used in forecasting in the context of time series data. Use a suitable example.

आप एरीमा (ARIMA) उपागम से क्या समझते हैं ? कालश्रेणी आँकड़ों के संदर्भ में पूर्वानुमान करने में इस उपागम का उपयोग किस प्रकार किया जाता है, व्याख्या कीजिए । यथोचित उदाहरण का उपयोग करें ।

**Elective – II / विकल्प – II**

3. Discuss the working of dynamic multiplier when investment spending is permanent.

जब निवेश व्यय स्थायी है तो गत्यात्मक गुणांक के कार्यचालन की विवेचना कीजिए ।

4. Explain Solow's model of steady state growth in the absence of technical progress.

प्रौद्योगिक प्रगति की अनुपस्थिति में सोलो के एक समान अवस्था संवृद्धि मॉडल की व्याख्या कीजिए ।

www.prepp.in

5. Explain the long run equilibrium of a firm in monopolistic competition with the help of subjective and market demand curves, as given by Chamberlin.
चैम्बरलिन द्वारा दिए व्यक्तिपरक एवं बाजार मांग वक्रों की सहायता से एकाधिकारी प्रतियोगिता में फर्म के दीर्घकालिक संतुलन की व्याख्या कीजिए ।

**Elective – III / विकल्प – III**

3. Explain main provisions of the WTO agreements relating to agricultural sector of India.
भारत के कृषि क्षेत्र से सम्बन्धित विश्व व्यापार संगठन समझौतों के मुख्य प्रावधानों की व्याख्या कीजिए ।

4. Explain different waves of globalization and their significance.
विश्वव्यापीकरण की भिन्न लहरों और उनके महत्त्व की व्याख्या कीजिए ।

5. Examine foreign exchange trading and role of hedging and options in this regard.
विदेशी विनिमय कारोबार और विदेशी बाजार हेजिंग और इस सम्बन्ध में विकल्पों की परीक्षा कीजिए ।

**Elective – IV / विकल्प – IV**

3. Explain the growth and productivity trends in Indian agriculture since 1991. Also suggest measures to improve productivity of agriculture in India.
भारत में कृषि में 1991 से संवृद्धि एवं उत्पादकता की प्रवृत्तियों की व्याख्या कीजिए और भारत में कृषि की उत्पादकता में सुधार लाने के साधन बताइए ।

4. What are the types of agriculture markets ? Which market is beneficial to the farmers and consumers and why ?
कृषि बाजारों के भिन्न प्रकार क्या हैं ? किसानों एवं उपभोक्ताओं के लिए कौन सा बाजार लाभप्रद है और क्यों ?

5. What are the reasons of migration of agricultural labourers ? How far Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme (MNREGS) is helpful in reducing the incidence of migration of agricultural labour force ?
कृषि श्रमिकों के प्रव्रजन के क्या कारण हैं ? कृषि श्रम बल के प्रव्रजन का प्रभाव कम करने में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना (एम.एन.आर.इ.जी.एस.) कहाँ तक सहायक है ?

**Elective – V / विकल्प – V**

3. Examine how the liberalization and globalization have affected the performance of industrial sector in India ?
भारत में औद्योगिक क्षेत्र के निष्पादन को उदारीकरण एवं विश्वव्यापीकरण ने किस प्रकार प्रभावित किया ? परीक्षा करें ।

4. Examine the role of infrastructure in the process of development. How far do you agree with the view that the state of physical infrastructure in India is incompatible with a long term higher rate of growth ?
विकास की प्रक्रिया में बुनियादी ढाँचे की भूमिका की परीक्षा कीजिए । 'भारत में भौतिक बुनियादी ढाँचे की स्थिति संवृद्धि की दीर्घकालिक उच्च दर के साथ असंगत है ।' आप इस विचार से कहाँ तक सहमत हैं ?

5. Explain the main features of fiscal reforms undertaken in India during the last two decades. How far have these been successful in achieving the objectives of allocative efficiency and distributive justice ?
भारत में विगत दो दशकों के दौरान राजकोषीय सुधारों की मुख्य विशेषताओं की व्याख्या कीजिए । आबंटनीय क्षमता एवं वितरणात्मक न्याय प्राप्त करने में यह कहाँ तक सफल हुई ?

Prepp
Your Personal Exams Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

## SECTION – III

## खंड – III

**Note :** This section contains **nine (9)** questions of **ten (10)** marks, each to be answered in about **fifty (50)** words. **(9 × 10 = 90 Marks)**

**नोट :** इस खंड में **दस-दस** (10-10) अंकों के **नौ** (9) प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **पचास** (50) शब्दों में अपेक्षित है । **(9 × 10 = 90 अंक)**

6. What is meant by expansion path ? Show it diagrammatically in the case of a linear homogeneous production function.

प्रसार पथ का क्या अर्थ है ? रेखीय समांगी उत्पादन फलन के मामले में इसे रेखाचित्रों द्वारा दर्शाइए ।

Prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

7. Define net investment. What are its components ?

निवल निवेश की व्याख्या कीजिए । इसके संघटक क्या हैं ?

8. Discuss the assumptions of Harrod-Domar model of economic growth.

आर्थिक संवृद्धि के हेरोड-डोमर मॉडल की मान्यताओं की विवेचना कीजिए ।

9. "The incidence of indirect tax depends on the elasticities of demand and supply." Illustrate with diagrams.

"अप्रत्यक्ष कर का करापात मांग एवं आपूर्ति की लोच पर निर्भर करता है ।" रेखाचित्रों के साथ उदाहरण दीजिए ।

www.prepp.in

Your Personal Exams Guide

10. What are the constituents of Balance of Payments accounts ?
भुगतान शेष लेखा के घटक कौन से हैं ?

11. How does a change in Bank rate affect liquidity in the economy ?
बैंक दर में परिवर्तन किस प्रकार अर्थव्यवस्था में तरलता को प्रभावित करता है ?

12. Briefly explain the concept of total factor productivity in manufacturing industry.

उद्योग में कुल साधन उत्पादकता की अवधारणा की संक्षेप में व्याख्या कीजिए ।

www.prepp.in

13. Suggest measures for removing regional disparities in Indian agriculture.

भारतीय कृषि में क्षेत्रीय विषमताओं (असमानता) को समाप्त करने के उपाय बताइए ।

14. Assume that a monopolist sells his product in two separate markets and the demand functions are : $P_1 = 12 - X_1$, $P_2 = 20 - 3X_2$

The total cost function for his product is given by : $C = 3 + 2X$, where $X = X_1 + X_2$.

Determine the prices that monopolist will charge and the quantities he will sell in each market to maximize his profit. Also calculate the maximum profit and the respective demand elasticities in each market.

मान लीजिए कि एकाधिकारी अपने उत्पाद को दो भिन्न बाजारों में बेचता है और मांग फलन हैं : $P_1 = 12 - X_1$, $P_2 = 20 - 3X_2$

इस उत्पाद के लिए कुल लागत फलन इसके द्वारा दिया है : $C = 3 + 2X$, जहाँ $X = X_1 + X_2$

एकाधिकारी अपना लाभ अधिकतम करने के लिए प्रत्येक बाजार में क्या कीमतें निर्धारित करेगा और कितनी मात्राएँ विक्रय करेगा यह निर्धारित कीजिए । और अधिकतम लाभ और प्रत्येक बाजार में अपनी-अपनी मांग लोच की गणना कीजिए ।

prepp
Your Personal Exams Guide

## SECTION – IV

## खंड – IV

**Note :** Answer the **five** questions from the para given below. Each answer should not exceed 30 words. Each question carries **five** marks. **(5 × 5 = 25 Marks)**

**नोट :** नीचे दिये गये परिच्छेद के आधार पर **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर (30) शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए । प्रत्येक प्रश्न **पाँच** अंकों का है । **(5 × 5 = 25 अंक)**

*Economic facilities* refer to the opportunities that individuals respectively enjoy to utilize economic resources for the purpose of consumption, or production, or exchange. The economic entitlements that a person has will depend on the resources owned or available for use as well as on conditions of exchange, such as relative prices and the working of the markets. Insofar as the process of economic development increases the income and wealth of a country, they are reflected in corresponding enhancement of economic entitlements of the population. It should be obvious that in the relation between national income and wealth, on the one hand, and the economic entitlements of individuals (or families), on the other, distributional considerations are important, in addition to aggregative ones. How the additional incomes generated are distributed will clearly make a difference.

आर्थिक सुविधाओं का संबन्ध, प्रत्येक व्यक्ति को प्राप्त उन अवसरों से है, जो कि वह उपभोग अथवा उत्पादन अथवा विनिमय के उद्देश्य से, आर्थिक संसाधनों के उपयोग हेतु करता है । एक व्यक्ति जो आर्थिक अधिकार रखता है, वह उसके स्वामित्व के अथवा उसे उपलब्ध संसाधनों तथा साथ ही सापेक्ष मूल्यों तथा बाजार चलन जैसी विभिन्न दशाओं पर निर्भर करेगा । किसी देश की आर्थिक विकास प्रक्रिया जहाँ तक आय तथा धन में वृद्धि करती है, वह जनसंख्या के आर्थिक अधिकारों की तदनुरूप वृद्धि में परिलक्षित होती है । अत: स्वाभाविक तौर पर, एक ओर राष्ट्रीय आय तथा धन तथा दूसरी ओर व्यक्तियों (या परिवारों) के आर्थिक अधिकारों के बीच संबंधों में, समग्र के अतिरिक्त वितरण संबंधी विचार भी महत्त्वपूर्ण हैं । यह बात कि अतिरिक्त उत्पादित आय किस प्रकार वितरित की जाती है, स्पष्ट रूप से अन्तर उत्पन्न करने वाली होगी ।

15. How do various opportunities, that individuals enjoy, become economic facilities ?

व्यक्तियों को प्राप्त विभिन्न अवसर, आर्थिक सुविधायें कैसे बन जाती हैं ?

Prepp
Your Personal Exams Guide

16. What are the factors on which economic entitlements of a person depend ?

एक व्यक्ति के आर्थिक अधिकार किन कारकों पर निर्भर करते हैं ?

Prepp
Your Personal Exams Guide

17. Do you agree that the economic development of a country is reflected in the increase of economic benefits of its population ? How ?

क्या आप सहमत हैं कि एक देश का आर्थिक विकास उसकी जनसंख्या के आर्थिक लाभों की सापेक्ष वृद्धि में परिलक्षित होता है ? कैसे ?

18. What is the importance of distribution pattern with reference to the relationship between national wealth and economic benefits of individuals ?

राष्ट्रीय धन तथा व्यक्तियों के आर्थिक लाभों के बीच संबंधों के संदर्भ में वितरण प्रणाली का क्या महत्त्व है ?

19. In your opinion, what is relatively more important for economic development ? – economic resources, utilization of these resources or distribution pattern of income ?

आपके मत में, किसी देश के आर्थिक विकास में सापेक्षत: क्या अधिक महत्त्वपूर्ण है – आर्थिक संसाधन, इन संसाधनों का उपयोग अथवा आय वितरण प्रणाली ?

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Space For Rough Work**

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

| FOR OFFICE USE ONLY | |
|---|---|
| Marks Obtained | |
| Question Number | Marks Obtained |
| 1 | |
| 2 | |
| 3 | |
| 4 | |
| 5 | |
| 6 | |
| 7 | |
| 8 | |
| 9 | |
| 10 | |
| 11 | |
| 12 | |
| 13 | |
| 14 | |
| 15 | |
| 16 | |
| 17 | |
| 18 | |
| 19 | |

Total Marks Obtained (in words) ..........................................

(in figures) ........................................

Signature & Name of the Coordinator ..................................

(Evaluation) Date .........................